


आप मुझे पकड़ नहीं सकते!

जॉन प्रेटर

हिंदी: आरती जैन

जैक को सोने जाने से नफरत
है, इसलिए जब डैड नहाने के
लिए बुलाते है वह भाग के
नीचे बगीचे में छुप जाता है.यह
एक शुरूआत होती है एक
लम्बी दौड़ भाग की, सारा पड़ोस
जैक को ढूंढने में लग जाता है।







सोफी के लिए



आप मुझे पकड़ नहीं सकते!

जॉन प्रेटर

हिंदी: आरती जैन





डैड ने पुकारा, “जैक, नहाने का समय हो गया है।”


जैक बोला, “मुझे नहाना बिल्कुल पसंद नहीं है!”



माँ ने कहा, “जाओ और अभी तुरंत जाकर नहा लो!”

जैक ने जवाब दिया, “आप मुझे पकड़ नहीं सकतीं!”






वह बागीचे की तरफ भागा।



"वे आ रहे हैं! मैं यहीं छिप जाता हूँ," जैक ने सोचा।



"वह शेड में है!" मिस्टर क्रैबट्री चिल्लाए।



जैक जल्दी से शेड की खिड़की में
से बाहर निकल गया।



"मेरी सब्ज़ियों का ध्यान रखना!"
मिस्टर क्रैबट्री चिल्लाए

और वे भी उसे पकड़ने की दौड़ में
शामिल हो गए।

"आप मुझे पकड़ नहीं सकते!"
जैक ने कहा...



और वह सही था।






मिसेज़ पॉली अपने कपड़े सुखाने के लिए टाँग रही थीं।
“मेरे साफ कपड़ों को मत छूना!” वे चीख पड़ीं।




“आप मुझे पकड़ नहीं सकतीं!” जैक ने कहा...

और वह सही था..



“मेरी साइकिल से सावधान!”
मिस्टर डिगवुड चिल्लाए।
“आप मुझे पकड़ नहीं सकते!”
जैक ने कहा
और वह तेज़ी से गली में दौड़ा।





“सावधान! कहाँ जा रहे हो, लड़के!” कर्नल वॉट ने चेतावनी दी जब जैक उनके पास से तेज़ी से गुज़रा।




“आप मुझे पकड़ नहीं सकते!” जैक ने कहा… और वह सही था।




बड़े लोग उसे हर जगह ढूँढ़ते रहे।

एक बड़े पेड़ की छाया में जैक चुपचाप छिपा हुआ था।

“आप मुझे पकड़ नहीं सकते!” उसने अपने आप से कहा...




और वह सही था।



जब चारों तरफ़ शांति हो गई तो जैक फिर से चल पड़ा।

“वे मुझे कभी नहीं पकड़ पाएँगे!” उसने सोचा।







लेकिन अचानक

— क्या मुसीबत!


इससे भी बुरा यह था कि जब तक
बड़े लोग वहाँ से गुज़र नहीं गए,
जैक हिल भी नहीं सका।




"फिर भी, वे मुझे पकड़ नहीं सकते," उसने अपने नए दोस्त
— सूअर — से धीरे से कहा। और वह सही था।



किसी ने उसे घर जाते हुए नहीं देखा..



.. या फिर उसने घर वापस आकर क्या किया।



“हैलो!” जैक ने कहा।

“अब आप मुझे पकड़ नहीं सकते!”

लेकिन इस बार वह गलत था।